हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 16 जनवरी 2026

04 रामायण और गीता हमें नारी के सम्मान की रक्षा की...



07 डेढ़ महीने में ही नल-जल योजना की खुली पोल





## खबर संक्षेप

### जिपं की सामान्य सभा की बैठक 21 को

**सीहोर।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 21 जनवरी को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में शिक्षा विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, विद्युत मंडल विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, कृषि विभाग एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यों एवं गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी।

### कलेक्टर बालागुरू के. ने एसआईआर कार्य प्रगति की समीक्षा की

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में अनमैप मतदाताओं को नोटिस जारी करने, दावे-आपत्तियां प्राप्त करने तथा सुनवाई की कार्रवाई की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि बीएलओ सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मतदाताओं को आवश्यक सहयोग प्रदान करें, ताकि अद्यतन प्रक्रिया सुचारू रूप से पूरी की जा सके। उन्होंने दावे-आपत्तियां प्राप्त करने और उनकी सुनवाई के कार्य में और अधिक गति लाने पर विशेष जोर दिया। कलेक्टर बालागुरू के. ने स्पष्ट कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान कोई भी पात्र मतदाता सूची से छूटना नहीं चाहिए।

एक कार्रवाई महकमे की ऐसी भी: राजस्व विभाग की कार्रवाई पर ही खड़े हो रहे सवाल, अफसर की कार्यप्रणाली चर्चा में

# एक माह से जब्तशुदा एक दर्जन ट्रैक्टर-ट्रॉली की फाइलें दफ्तर में कैद, खनिज विभाग को नहीं भेजीं

नियमों के मुताबिक, ऐसे मामलों में जब्त किए गए वाहनों से संबंधित समस्त प्रकरण निर्धारित समय-सीमा के भीतर जिला खनिज विभाग को भेजे जाने अनिवार्य होते हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा





तहसील भैरूंदा में इन दिनों राजस्व विभाग की कार्रवाई खुद सवालों के घेरे में है। अवैध रेत परिवहन के खिलाफ सख्त रुख दिखाते हुए जिन एक दर्जन ट्रैक्टर-ट्रॉली पर कार्रवाई की गई थी, वही प्रकरण अब विभागीय लापरवाही और अफसरशाही की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार, बीते नवंबर-दिसंबर माह में अवैध रेत परिवहन करते पाए जाने पर राजस्व विभाग ने करीब एक दर्जन ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर थाने में खड़ा कराया था, लेकिन इसके बाद की वैधानिक प्रक्रिया आज तक आगे नहीं बढ़ सकी है।

नियमों के मुताबिक, ऐसे मामलों में जब्त किए गए वाहनों से संबंधित समस्त प्रकरण निर्धारित समय-सीमा के भीतर जिला खनिज विभाग को भेजे जाने अनिवार्य होते हैं, ताकि जुर्माना, शमन शुल्क और अन्य कानूनी कार्रवाई पूरी की जा सके।

इसके बावजूद एक माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी सभी फाइलें संबंधित अधिकारी के दफ्तर में ही "कैद" पड़ी बताई जा रही हैं। इससे न केवल कार्रवाई की गंभीरता पर सवाल उठ रहे हैं, बल्कि अवैध रेत परिवहन पर शासन की मंशा भी संदेह के घेरे में आ रही है। इस देरी को लेकर आमजन में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। सवाल यह उठ रहा है कि जब अवैध रेत परिवहन पर कार्रवाई की गई, तो फाइलों को आगे क्यों नहीं बढ़ाया गया? क्या यह प्रशासनिक लापरवाही है या फिर किसी दबाव और मनमानी का नतीजा—इस पर कोई स्पष्ट जवाब सामने नहीं आया है। इधर, वाहन मालिकों का कहना है कि यदि फाइलें समय रहते खनिज विभाग को भेज दी जातीं, तो अब तक जुर्माना और अन्य वैधानिक प्रक्रिया पूरी हो चुकी होती। इसके उलट, वे पिछले एक माह से अधिक समय से दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं।

### अधिकारी की भूमिका पर उठे सवाल

स्थानीय नागरिकों के बीच राजस्व विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी की कार्यशैली चर्चा का विषय बनी हुई है। बताया जा रहा है कि अधिकारी सेवानिवृत्ति के नजदीक हैं, इसके बावजूद वे अक्सर फील्ड में रेत परिवहन कर रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली का पीछा करते नजर आते हैं। आम जनता का आरोप है कि दफ्तर में लंबित फाइलों का समयबद्ध निराकरण करने की बजाय वे अधिकतर समय फील्ड गतिविधियों में सक्रिय रहते हैं, जबकि कार्यालय का काम निजी कर्मचारियों के भरोसे छोड़े जाने की चर्चा भी सामने आ रही है। स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा समझाइश दिए जाने के बावजूद संबंधित अधिकारी अपनी मनमर्जी से काम कर रहे हैं। नतीजतन, अवैध रेत परिवहन से जुड़े प्रकरण अधर में लटके हैं। इससे न केवल विभाग की छवि धूमिल हो रही है, बल्कि शासन की सख्ती पर भी प्रश्न उठ रहे हैं।

इस संबंध में सुधीर कुशवाहा ने बताया कि कार्रवाई नायब तहसील के द्वारा की गई थी। अभी उनके कार्यालय में एक दिन पहले ही फाइल भेजी गई हैं। एक दो दिन में खनिज विभाग को भेज दी जाएगी। नायब तहसीलदार मो. अनीस कुरैशी से इस संबंध में संपर्क चाहा तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

### जवाबदेही तय करने की मांग

मामले को लेकर वाहन मालिकों और आमजन में नाराजगी बढ़ती जा रही है। उनका कहना है कि अधिकारी के दफ्तर के चक्कर लगाते-लगाते एक माह से अधिक समय गुजर गया, लेकिन फाइलें अब तक खनिज विभाग को नहीं भेजी गईं। उन्होंने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर यह स्पष्ट किया जाए कि फाइलें आगे क्यों नहीं बढ़ाई गईं और जिम्मेदार अधिकारी की जवाबदेही तय की जाए। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो अवैध रेत परिवहन के खिलाफ चल रही पूरी मुहिम ही सवालों के घेरे में आ जाएगी।

## तीन दबंगों और पुलिस से परेशान होकर युवक ने खाया जहर, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

### पीड़ित ने टीआई पर भी लगाए गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले के जावर में एक युवक द्वारा प्रताड़ना से तंग आकर जहर खाकर आत्महत्या की कोशिश का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक शिशुपाल ठाकुर ने घटना से पहले एक भावुक वीडियो सोशल मीडिया पर डाला, जिसमें उसने स्थानीय दबंगों के साथ-साथ जावर थाना प्रभारी नीता देअरवाल पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। फिलहाल युवक का इंदौर में इलाज चल रहा है और उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

वायरल वीडियो में युवक शिशुपाल ने अपना दर्द बयां करते हुए कहा कि 27 तारीख के एक कार्यक्रम के बाद से उसे अंकुश सिंह मेहतवाड़ा, रितेश बागवान और बाबू मोगिया लगातार परेशान कर रहे हैं। उसने बताया कि विवाद की शिकायत करने जब वह थाने गया तो कोई सुनवाई नहीं हुई, बल्कि उल्टा रात को 1 से 2 बजे के बीच टीआई मैडम उसके घर आईं और उसे धमकाया। शिशुपाल ने आरोप लगाया कि मैडम ने मुझसे कहा कि अब ढाबा चलाकर दिखाना, मैं तेरे घर और ढाबे पर दबिश दूंगी। उन्होंने मेरे पिता के सामने मेरी बेइज्जती की और मुझे जबरदस्ती गाड़ी में बिठाकर ले जाने लगीं। अपमान से आहत होकर युवक ने कैमरे के सामने ही जहरीला पैकेट दांत से फाड़ा और उसे पानी में घोलकर पी लिया।

### पुरानी रंजिश का है मामला

पुलिस का यह भी कहना है कि 2 जनवरी को भी दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था, जिसमें तब समझौता हो गया था, लेकिन कल रात फिर से गाली-गलौज और विवाद हुआ, जिसके बाद यह आत्मघाती कदम उठाया गया। बता दें वीडियो में युवक ने अपने 1 साल के बेटे और 4 साल की बेटी की दुहाई देते हुए इंसाफ की मांग की है।


### पुलिस का पक्ष, वह तो भाई जैसा है

इस मामले में आरोपों के घेरे में आईं थाना प्रभारी नीता देअरवाल का कहना है कि शिशुपाल उनके भाई जैसा है। वहीं आष्टा एसडीओपी आकाश अमलकर ने पुलिस के वाट्सग्रुप पर आधिकारिक जानकारी साझा करते हुए बताया कि मामला संज्ञान में है और वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पुलिस के अनुसार बीती रात ही शिशुपाल और विनोद परमार की शिकायत पर आरोपी रितेश बागवान और बाबू मोंगिया के खिलाफ बीएनएस की धाराओं 296, 351, 3(5) और एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

## चाणक्यपुरी में नाले पर अवैध दीवार बारिश में जलभराव होने का खतरा

### प्रशासन बोला- जांच कराएंगे



**सीहोर।** चाणक्यपुरी क्षेत्र में ए-वन सिटी कॉलोनी के पास एक नाले पर अवैध रूप से पक्की दीवार बनाए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि यह निर्माण व्यावसायिक उद्देश्य से किया जा रहा है और इसके लिए शासकीय भूमि पर अतिक्रमण किया गया है।

चाणक्यपुरी एक घनी आबादी वाला इलाका है। यहां से गुजरने वाला यह कच्चा नाला आसपास की कई कॉलोनियों के लिए पानी निकासी का मुख्य रास्ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नाले पर दीवार बनने से पानी का बहाव रुक जाएगा और बारिश के मौसम में घरों में पानी घुस सकता है।

इस जमीन पर निर्माण करा रहे उमेश राठौर का कहना है कि मिट्टी खुदाई की वजह से ऐसा लग रहा है कि निर्माण नाले के पास है, जबकि उनका दावा है कि दीवार नाले से दूरी पर बनाई जा रही है।

इस मामले में सीहोर तहसीलदार अमित सिंह ने संज्ञान लिया है। उन्होंने बताया कि जल्द ही उनकी टीम मौके पर जाकर जांच और निरीक्षण करेगी। यदि नाले पर अवैध निर्माण पाया गया, तो नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## शहर में 'नो पार्किंग' का खौफ, नपा ने सड़कों पर उतारा टोइंग वाहन, जनता बोली- साहब सख्ती तो कर रहे हो, पर पार्किंग कहां हैं...?

**सीहोर।** शहर की सड़कों पर यहां वहां वाहन खड़ा करने वाले सावधान हो जाएं, अब आपकी जरा सी लापरवाही जेब पर भारी पड़ सकती है। नगर पालिका परिषद ने शहर की यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए 22 लाख रुपये की लागत से एक नया टोइंग वाहन सड़कों पर उतार दिया है। बुधवार को इसका औपचारिक शुभारंभ किया गया, जिसके तुरंत बाद नपा का अमला एक्शन मोड में नजर आया।

शुभारंभ के तुरंत बाद नगर पालिका का दस्ता टोइंग वैन लेकर शहर के सबसे व्यस्त इलाकों में पहुंचा। अमले ने गंगा आश्रम रोड सहित मुख्य मार्गों पर मुनादी करते हुए वाहन चालकों को सख्त चेतावनी दी। नपा अधिकारियों ने साफ कर दिया है कि पहले दिन केवल हिदायत दी जा रही है, लेकिन कल से यदि वाहन नो पार्किंग के बाहर मिले तो उन्हें सीधे क्रेन से उठाकर ले जाया जाएगा। इसके बाद चालान भरने के बाद ही वाहन छोड़ा जाएगा।

### विडम्बना: निजी अस्पताल और लैब तो हैं, पर पार्किंग नदारद

नपा की इस सख्ती ने शहरवासियों की चिंता बढ़ा दी है। विशेष रूप से गंगा आश्रम रोड, जहां दर्जनों क्लीनिक, निजी अस्पताल और पैथोलॉजी लैब संचालित हैं, वहां पार्किंग एक बड़ी समस्या है। रिलायंस मॉल को छोडक़र यहां किसी भी व्यावसायिक संस्थान के पास अपनी खुद की पार्किंग नहीं है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि दूर दराज से इलाज कराने आने वाले मरीज और उनके परिजन आखिर अपनी गाडिय़ां खड़ी कहां करें।

**जनता का सवाल, पहले पार्किंग दो, फिर सख्ती दिखाओ :** टोइंग वाहन की कार्रवाई को लेकर आम जनता में खासा आक्रोश भी देखा जा रहा है। नागरिकों का कहना है कि प्रशासन केवल जुर्माना वसूलने की तैयारी में है, जबकि शहर में कहीं भी सुरक्षित पार्किंग जोन नहीं बनाए गए हैं। लोगों का तर्क है कि नगर पालिका को पहले पार्किंग के लिए जगह चिन्हित करनी चाहिए थी। जब पार्किंग की जगह ही नहीं है तो लोग मजबूरी में सड़क किनारे ही वाहन खड़े करेंगे।





### यातायात का बढ़ा दबाव बनी चुनौती

नपा के जिम्मेदारों के अनुसार सड़कों पर बढ़ते अव्यवस्थित पार्किंग के कारण ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। इसी अव्यवस्था से निपटने के लिए टोइंग वैन को शुरू किया गया है। कलेक्टर और एसपी की मौजूदगी में शुरू हुए इस अभियान का उद्देश्य शहर की सड़कों को सुव्यवस्थित करना है। हालांकि बिना पार्किंग व्यवस्था के यह मुहिम कितनी सफल होगी, यह आने वाला समय ही बताएगा।

**नपा के तत्वावधान में सात फरवरी को होगा प्रतिभाओं का सम्मान**

# नगर की प्रगति के लिए प्रतिभाओं का मंच से सम्मान किया जाना जरूरी: प्रिंस राठौर



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

किसी भी नगर का विकास सही मायनों में तभी हो सकता है, जब उस नगर की प्रतिभाओं को सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया जाये। प्रतिभाओं के सम्मान से अन्य वर्गों के लोगों को भी प्रेरणा मिलती है। हमारे यहां पर आध्यतम का क्षेत्र, उद्योग का क्षेत्र, खेल, शिक्षा, सामाजिक गतिविधियों के अलावा अन्य क्षेत्र ऐसे है जिनमें अनेक प्रतिभाओं ने हमारे क्षेत्र का नाम रोशन विश्व पटल पर दर्ज किया है, ऐसी प्रतिभाओं को मंच से सम्मान देने के लिए नगर पालिका के तत्वाधान में सात फरवरी को भव्य रूप से प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। उक्त विचार नगर पालिका सभाकक्ष में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहे।

पत्रकारों को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने कहाकि नगर पालिका परिषद के द्वारा शहर के सभी वार्डों में तेजी से विकास कार्य किया जा रहा है। हमारा शहर स्वच्छता के मामले में प्रदेश की नगर पालिका में अव्वल है और यहां पर रहने वाले सभी लोग अपनी जिम्मेदारियों के साथ परिषद को सहयोग कर रहे है। कई लोग नगर के लिए प्रेरणा बन चुके है। उसमें संडे का सुकून की टीम ने लगातार एक साल तक जिला अस्पाताल में पहुंचकर निशुल्क भोजन की व्यवस्था की, इसके अलावा राजू सोनी अंतिम संस्कार में शामिल होकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते है, ऐसे कई लोग है जो समाज में सराहनीय कार्य करते हुए आ रहे है, नगर पालिका परिषद कला, साहित्य, शिक्षा, समाजसेवी संगठनों के अलावा खेल सहित अन्य क्षेत्रों में छुपी प्रतिभाओं का सम्मान करना चाहती है। इसके लिए आपके सुझाव और रुपरेखा बनाने के लिए इस बैठक का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर कुछ पत्रकारों ने बताया कि प्रतिभा सम्मान समारोह में सभी पत्रकारों के द्वारा सराहनीय कार्य करने वालों का स्वागत किया जाएगा। इसके लिए सभी पत्रकारों ने अपनी सहमति दी और कहाकि इसके लिये सामूहिक प्रयास की जरूरत है।

**सेलिब्रिटी, संत और जनप्रतिनिधि रहेंगे शामिल :** आगामी सात फरवरी को होने वाले सम्मान समारोह के लिए सेलिब्रिटी, संत और जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाएगा। इसके अलावा नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने कहाकि सोशल मीडिया सहित अन्य के माध्यम से क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने वालों को आमंत्रित कर भव्य रूप से मंच से प्रतिभा सम्मान किया जाएगा।

### पर्यावरण और स्वच्छता के क्षेत्र में अनेक संगठन सक्रिय

इस दौरान यहां पर उपस्थित लोगों ने बताया कि हमारे नगर में अनेक समाज और संगठन ऐसे है जो पर्यावरण और स्वच्छता के कार्य में लगे रहते है, प्रतिभाओं का सम्मान नगर की प्रगति का आधार है। उन्होंने जोर दिया कि ऐसे आयोजन ऐसे कार्य करने वालों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं और उनमें आत्मविश्वास बढ़ाते हैं। सामाजिक समरसता को एक समृद्ध और स्वच्छता के लिए आवश्यक बताते हुए सभी वर्गों से नगर के विकास में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

## उत्कृष्ट विद्यालय से चंदन ले गए अज्ञात चोरों ने पेड़ की टहनी पर चलाई आरी

### प्रबंधन ने पुलिस को सूचना नहीं दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय पर स्थित शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 से चंदन के पेड़ चोरी हो गए हैं। यह घटना तब हुई जब स्कूल में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था और चौकीदार तैनात थे।

अज्ञात चोर चुपचाप स्कूल परिसर से चंदन का पेड़ काटकर ले गए। चौंकाने वाली बात यह है कि चोरी की घटना के बावजूद स्कूल प्रबंधन ने अभी तक पुलिस को इसकी सूचना नहीं दी है।

इस बारे में प्राचार्य सुनीता जैन ने बताया कि उन्हें चोरी की जानकारी बाद में मिली। यह विद्यालय सीवन नदी के किनारे और पुलिस अधीक्षक कार्यालय के काफी नजदीक स्थित है।



### प्रबंधन कर रहा छिपाने का प्रयास

बताया जा रहा है कि स्कूल परिसर में चंदन का कटा हुआ पेड़ साफ दिखाई दे रहा है, लेकिन प्रबंधन इसे छिपाने का प्रयास कर रहा है।

सीहोर जिले में इन दिनों चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं और पुलिस चोरों तक पहुंचने में नाकाम रही है। शासकीय संस्थान में चोरी होने और एफआईआर दर्ज न होने का यह मामला चिंताजनक है।

**खबर संक्षेप**

## सीहोर बिल्डअप और लेक सिटी भोपाल टीम के मध्य फाइनल

**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर मध्यप्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वाधान में खेली जा रही एमपीपीएल फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच आगामी 18 जनवरी को खेला जाएगा। गत दिनों छिंदवाड़ा को सेमीफाइनल मैच में कांटे की टक्कर में हराने वाली सीहोर बिल्डअप सीहोर खिताबी मुकाबले में लेक सिटी भोपाल के मध्य खेला जाएगा। चर्च मैदान पर जिला फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वाधान में अभ्यास मैच खेले जा रहे है। बुधवार को अपने अभ्यास मैच में बिल्डअप ने सीहोर बाइज को हराया। इस दौरान एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया, आनंद उपाध्याय, कमलेश अग्रवाल, दीपक गुरुवानी सहित अन्य मौजूद थे। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि चर्च मैदान पर एमपीपीएल का फाइनल मैच भोपाल और सीहोर टीम के मध्य खेला जाएगा। इसके लिए सीहोर बिल्डअप टीम यहां पर सीनियर खिलाड़ियों के साथ अभ्यास कर रही है। बुधवार को सीहोर बाइज और सीहोर बिल्डअप के मध्य मुकाबला खेला गया था। इस अभ्यास मैच में सीहोर बिल्डअप ने सीहोर बाइज को 2-0 से हराया। इस मुकाबले में सीहोर बिल्डअप की ओर से गौतम-पियुष थापा ने एक-एक गोल किया।

## सेवा भारती ने 60 किलो खिचड़ी का वितरण किया



**भैरुंदा ।** नगर में गुरुवार को मकर संक्रांति का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सिविल अस्पताल भैरुंदा मे सेवा भारती के द्वारा मरीजों एवं उनके साथ आये परिजनों को खिचड़ी का वितरण किया गया। इस अवसर पर संघ के खंड संघचालक बृजमोहन गौड़,जिला सेवा प्रमुख पारस वर्मा,सेवा भारती के नगर अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष राधिका जैमिनी,सचिव राकेश वर्मा,कोषाध्यक्ष संतोष खंडेलवाल,मंगल कुशवाह, विक्रांत जैमिनी,नीरज (गोलू) जैमिनी अस्पताल का समस्त स्टॉफ आदि उपस्थित थे।

## बिजली कंपनी का उपाय एप हुआ अपग्रेड

**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के अंतर्गत आने वाले 16 जिलों के बिजली उपभोक्ताओं को अनेक सुविधाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराई गई हैं। कंपनी ने बिजली उपभोक्ता की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कंपनी के उपाय ऐप को अपग्रेड कर दिया है। अब बिजली उपभोक्ता कंपनी के उपाय ऐप से घर बैठे ही अपने बिजली कनेक्शन से संबंधित अनेक सुविधाओं का लाभ केवल एक ऐप के माध्यम से ही उठा सकते है। कंपनी ने उपाय ऐप को अपग्रेड कर समग्र आईडी के साथ ही पैन कार्ड के माध्यम से भी ई-केवायसी करने की सुविधा उपलब्ध करवाई है।

### स्वर्णकार धर्मशाला में आयोजित हुआ स्वजन महिला समिति का कार्यक्रम

# रामायण और गीता हमें नारी के सम्मान की रक्षा की नसीहत देती है : साध्वी संजना सखी

उन्होंने कहाकि इन उपदेशों का मनन और चितन करने से सनातन धर्म मजबूत रहेगा।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

श्रीमदभगवद्गीता के अनुसार जो समाज या व्यक्ति अपनी मां, बहन, बेटी, पत्नी सहित नारियों के सम्मान की रक्षा नहीं कर सकता। उसे जीवित रहने का कोई अधिकार नहीं होता। इसका सबसे बड़ा प्रमाण महाभारत का युद्ध है। रामायण और गीता हमें नारी के सम्मान की रक्षा की नसीहत देती है। उक्त विचार शहर के स्वर्णकार धर्मशाला में आयोजित स्वजन महिला समिति के तत्वाधान में सामाजिक विषयों पर मंथन में किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर साध्वी संजना सखी महाराज ने कहे। इस मौके पर उन्होंने लव जिहाद और धर्म परिवर्तन को रोकने के लिए गीता और रामायण के उपदेश को जरूरी बताया है। उन्होंने कहाकि इन उपदेशों का मनन और चितन करने से सनातन धर्म मजबूत रहेगा।

कार्यक्रम में स्वजन महिला समिति की सरोज सोनी, ज्योति अग्रवाल, निकिता बुंदेला, अंजू अग्रवाल, शालिनी महेश्वरी सहित समस्त मातृशक्तियों द्वारा महामंडलेश्वर संजना सखी जी का फूलमाला, शाल एवं श्रीफल से आत्मीय स्वागत किया गया। समिति की ओर से शालिनी महेश्वरी ने बताया कि मकर संक्रांति पर सीहोर में किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर साध्वी संजना सखी महाराज का भव्य स्वागत, अभिमंत्रित सिक्कों का वितरण, हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम में सामाजिक विषयों पर रखे विचार मकर संक्रांति के पावन अवसर पर सीहोर में आध्यात्मिक आस्था और सामाजिक समरसता का अनूठा संगम देखने को मिला। किन्नर अखाड़ा भोपाल की श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर साध्वी संजना सखी महाराज के सान्निध्य में स्वजन महिला समिति द्वारा भव्य हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम का आयोजन स्वर्णकार धर्मशाला, पोस्ट ऑफिस रोड पर किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि समाजसेवी अरुणा सुदेश राय रहीं, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सोनम प्रिंस राठौर ने की। इस अवसर पर महामंडलेश्वर साध्वी संजना सखी महाराज द्वारा मकर संक्रांति की शुभ तिथि पर महिलाओं को अभिमंत्रित सिक्कों एवं सुहाग सामग्री का वितरण किया गया। अरुणा सुदेश राय द्वारा महामंडलेश्वर जी का भव्य एवं स्नेहपूर्ण स्वागत किया गया, जिससे आयोजन की गरिमा और भी बढ़ गई। अपने संबोधन में पूजनीय संजना दीदी ने सामाजिक विषयों पर विचार रखते हुए बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और जागरूकता को अत्यंत आवश्यक बताया। उन्होंने समाज को सतर्क रहने का आह्वान करते हुए कहा कि परिवार और समाज की जिम्मेदारी है कि वह हर प्रकार के छल-प्रपंच से सावधान रहे और नई पीढ़ी को सही मार्गदर्शन प्रदान करे।



**अनेक महिला मंडलों ने की सहभागिता :** कार्यक्रम में मारवाड़ी महिला मंडल, माहेश्वरी महिला मंडल, अग्रवाल महिला मंडल, सोनी समाज महिला मंडल, राठौर समाज महिला मंडल, विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी, सीहोर सांस्कृतिक मंच सहित अनेक सामाजिक व धार्मिक संगठनों की मातृशक्तियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम स्थल पर सनातन संस्कृति का भव्य और जीवंत स्वरूप देखने को मिला।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं की सहभागिता रही। अंत में स्वजन महिला समिति की प्रेमलता राठौर ने उपस्थित सभी सनातनी भाई-बहनों, मातृशक्तियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## रुद्रधाम आश्रम, रमगढ़ा में हुई चोरी का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार



**रेहटी।** पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत एवं एसडीओपी बुधनी रवि शर्मा के मार्गदर्शन में गठित पुलिस टीम द्वारा थाना रेहटी क्षेत्रांतर्गत रूद्रधाम आश्रम, रमगढ़ा में हुई चोरी की घटना का सफलतापूर्वक खुलासा किया गया। पुलिस द्वारा तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गया मशरूका जप्त किया गया है।

फरियादी विनीत तिवारी पिता महेश तिवारी, उम्र 38 वर्ष, निवासी ग्राम रूद्रधाम आश्रम मंदिर, रमगढ़ा, थाना रेहटी, जिला सीहोर द्वारा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि दिनांक 09/12/2025 की रात्रि में शनि मंदिर के शटर का ताला तोड़कर भीतर रखी सिंदूरी रंग की दान पेटी चोरी कर ली गई थी, जिसमें लगभग 5,000/- नकद थे। उक्त रिपोर्ट पर थाना रेहटी में अपराध क्रमांक 674/25, धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कहारे के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। मुखबिर सूचना एवं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदेही युसूफ पिता मुंशी खाँ, उम्र 43 वर्ष, निवासी पानीगांव, थाना कांताफोड़, जिला देवास से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान उसने अपने साथियों असलम पिता यासिन खाँ, उम्र 30 वर्ष, 2. नर्मदा प्रसाद मालवीय पिता रमेश मालवीय, उम्र 40 वर्ष दोनों निवासी पानीगांव, थाना कांताफोड़, जिला देवास के साथ मिलकर रूद्रधाम आश्रम, रमगढ़ा में चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से चोरी गई दान पेटी, 1,920 रुपए नकद तथा घटना में प्रयुक्त ब्रेजा कार क्रमांक MP-41-CA-7965, को विधिवत जब्त किया गया।

## मिशन अंकुर की मासिक समीक्षा बैठक में शैक्षिक गुणवत्ता पर जोर



**भैरूंदा।** ब्लॉक भैरूंदा में मिशन अंकुर के अंतर्गत जनपद शिक्षा केंद्र भैरूंदा की जनवरी माह की विकासखंड स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम सुधीर कुशवाहा ने की। बैठक में जनशिक्षकों के साथ शैक्षिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान मध्यान्ह भोजन, छात्र नामांकन, मेंटरिंग विजिट, विद्यार्थियों की उपस्थिति, शैक्षिक गुणवत्ता योजना एवं उसके प्रभावी क्रियान्वयन, एफएलएन मिशन अंकुर, मासिक आकलन, चाइल्ड ट्रैकिंग सहित विभिन्न बिंदुओं पर गहन चर्चा हुई। एसडीएम कुशवाहा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी जनशिक्षक शाला अवलोकन के दौरान मेंटरिंग कार्य शत-प्रतिशत सुनिश्चित करें तथा बच्चों की नियमित उपस्थिति बढ़ाने के लिए ठोस प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि बीएलओ से संबंधित कार्य शिक्षण कार्य से पहले या बाद में ही किया जाए, ताकि पढ़ाई प्रभावित न हो। बैठक में बीआरसीसी विजय पंवार ने शिक्षकों को निर्देशित किया कि कक्षाओं का संचालन पाठ योजना के अनुसार किया जाए और अभ्यास पुस्तिकाओं का उपयोग निर्धारित मापदंडों के अनुरूप हो। उन्होंने शिक्षण गुणवत्ता सुधार पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर ब्लॉक की बीईओ महोदया, सभी बीएसी एवं सीएसी उपस्थित रहे। मिशन अंकुर के समन्वयक द्वारा निर्धारित निपुण लक्ष्यों, पाठ योजना के क्रियान्वयन, अभ्यास मॉड्यूल तथा मासिक आकलन फॉर्मेट के सत्यापन की प्रक्रिया पर भी जानकारी दी गई। बैठक के अंत में अधिकारियों ने कहा कि मिशन अंकुर के माध्यम से बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान (एफएलएन) के लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से हासिल करना प्राथमिकता है, जिसके लिए सभी स्तरों पर समन्वित प्रयास आवश्यक हैं।

### निंबार्क आश्रम छीपानेर में 19 से 25 जनवरी तक श्री विष्णु पंचकुंडात्मक यज्ञ व भागवत कथा

**भैरुंदा।** बड़ी छीपानेर स्थित निंबार्क आश्रम में नवम पुण्य स्मृति महोत्सव एवं माँ नर्मदा जयंती के पावन अवसर पर 19 जनवरी 2026 से 25 जनवरी 2026 तक श्री विष्णु पंचकुंडात्मक यज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। सात दिवसीय इस धार्मिक अनुष्ठान में देशभर से पधारे संत-महात्माओं एवं आचार्यों के सान्निध्य में श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और संस्कारों का पुण्य लाभ प्राप्त होगा। आयोजन की शुरुआत 19 जनवरी को प्रातः 9 बजे भव्य कलश यात्रा से होगी। इसी दिन सर्व प्रायश्चित होमादि, संकल्प, पंचांग पूजन एवं मंडप प्रवेश के कार्यक्रम संपन्न कराए जाएंगे। 20 जनवरी को देवता स्थापना एवं अग्नि स्थापना होगी। इसके पश्चात प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से शाम 4:30 बजे तक यज्ञाचार्य पं. संजय शर्मा (काशी) के सान्निध्य में श्री विष्णु पंचकुंडात्मक यज्ञ संपन्न कराया जाएगा।

## खेलो एमपी ट्रायल में चींच के होनहार का चयन जिले में दिखाएगा दम



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

खेल परिसर स्टेडियम भैरूंदा में हाल ही में संपन्न हुए खेलो एमपी अंडर-19 बालक क्रिकेट के ब्लॉक स्तरीय ट्रायल में एक छोटे से गांव चींच के प्रतिभाशाली खिलाड़ी दिव्यांशु वर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिला स्तरीय अंडर-19 बालक क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान पक्का कर लिया है। दिव्यांशु वर्तमान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चींच में कक्षा 12वीं का छात्र है।

ब्लॉक स्तरीय ट्रायल में दिव्यांशु ने अपने खेल से चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया। सीमित संसाधनों के बावजूद निरंतर अभ्यास, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण ने उसे इस मुकाम तक पहुंचाया। जिले के लिए चयनित होने के बाद अब वह 19 जनवरी को होने वाली जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगा। दिव्यांशु की इस सफलता के पीछे उसके मुख्य कोच एवं विद्यालय के पीटीआई राकेश पंवार (रक्का) की अहम भूमिका रही है।

कोच पंवार के मार्गदर्शन, नियमित प्रशिक्षण और तकनीकी सुधारों ने खिलाड़ी के आत्मविश्वास को मजबूत किया। विद्यालय स्तर पर निरंतर अभ्यास सत्रों और प्रतियोगिताओं की तैयारी ने दिव्यांशु को बड़े मंच के लिए तैयार किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल है। प्रभारी प्राचार्य नारायण सिंह पंवार सहित समस्त शिक्षक एवं स्टाफ ने दिव्यांशु को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है। शिक्षकों का कहना है कि दिव्यांशु की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगी और ग्रामीण अंचल के खिलाड़ी भी मेहनत व लगन से बड़े स्तर तक पहुंच सकते हैं। खेल प्रेमियों और गांववासियों को उम्मीद है कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भी दिव्यांशु शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन करेगा।

## जिले के इतिहास में पहली बार 18 से सहस्त्र चंडी महायज्ञ का आयोजन

**कार्यक्रम अध्यक्ष विवेक राठौर ने कहा हर दिन किया जाएगा नगर भंडारे का आयोजन**



**सीहोर।** संयुक्त मां कालका उत्सव समिति सीहोर के तत्वाधान में शहर के प्रसिद्ध गंज स्थित करोली वाली माता मंदिर में आगामी 18 जनवरी से दस दिवसीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इसको लेकर बुधवार को कार्यक्रम अध्यक्ष विवेक राठौर ने महायज्ञ स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान महायज्ञ के यज्ञाचार्य पंडित महादेव शर्मा मुख्य यजमान सूत्रधार तरुण राठौर सहित बड़ी संख्या में विप्रजन मौजूद थे। कार्यक्रम अध्यक्ष विवेक राठौर ने बताया कि महायज्ञ में नगर के सभी सनातनी जनों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था की है।

महायज्ञ के मीडिया प्रभारी प्रदीप समाधिया ने बताया कि दस दिवसीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ में प्रतिदिन भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें क्षेत्रवासियों के अलावा यज्ञकर्ता सहित विप्रजन भोजन प्रसादी ग्रहण करेंगे। यज्ञ का शुभारंभ मौनी अमावस से पूर्ण विधि-विधान के साथ किया जाएगा। पहले दिन भव्य कलश यात्रा हेमाद्री दोपहर तीन बजे और 19 जनवरी को अग्नि स्थापना नित्य हवन पूजन सुबह सात बजे से पांच बजे तक जारी रहेगी। यज्ञ आचार्य पंडित महादेव शर्मा के मार्गदर्शन में देश भर से आए 108 विप्रजनों के द्वारा दिव्य अनुष्ठान समापन कराया जाएगा। सहस्त्र चंडी यज्ञ की तैयारियों में मुख्य रूप से भव्य यज्ञशाला का निर्माण, वैदिक विद्वानों का जमावड़ा, दुर्गा सप्तशती के पाठ ब्राह्मणों की व्यवस्था, ध्वजारोहण, पंचांग पूजन, अग्नि प्रज्ज्वलन कन्या पूजन, भंडारा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन शामिल है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र की शांति, आरोग्य और समृद्धि प्राप्त करना होता है।

## माधव बस्ती में आज होगा हिंदू सम्मेलन व समरसता भोजन



**भैरुंदा ।** संघ के शताब्दी वर्ष मे पुरे भारत मे सकल हिंदू सम्मेलन हो रहे हैं। इसी क्रम मे 16 जनवरी शुक्रवार को माधव बस्ती स्थित परशुराम संस्कार केंद्र (ब्राह्मण धर्मशाला) मे हिन्दू सम्मेलन व समरसता भोज का आयोजन किया जायेगा। आयोजन की शुरुआत प्रातः 9:30 बजे भव्य कलश यात्रा से होंगी जो दुर्गा मंदिर से प्रारम्भ होकर ब्राह्मण समाज धर्मशाला पहुंचेगी। इसके पश्चात प्रातः10 बजे विधिवत दीप प्रज्वलित कर हिन्दू सम्मेलन का शुभारंभ किया जायेगा। सम्मेलन मे बौद्धिक,सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक मूल्यों और संगठानात्मक एकता पर विचार विमर्श किया जायेगा,वही समरसता भोजन के माध्यम से सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया जायेगा। भैरुंदा की माधव बस्ती लगभग चार हजार आवादी वाला क्षेत्र है। हिन्दू सम्मेलन मे प्रत्येक घर मे पीले अक्षत व भारत माता का चित्र देकर निमंत्रण दिया है जिसमे सपरिवार आने का आव्हान किया गया है। सम्मेलन का उद्देश्य हिन्दू समाज मे सामाजिक समरसता बढ़ाना,सद्भाव और समाज के सभी वर्गो को राष्ट्र निर्माण से जोड़ना है और संगठन की भावना को मजबूत करना करना है। कार्यक्रम भारत माता की आरती व समरसता भोजन के बाद समापन होगा।

### बच्चों की देखभाल के साथ ही आर्थिक रूप से भी होगी मजबूत : कलेक्टर

# अस्पताल में भर्ती कुपोषित बच्चों की माताओं को दिया जाए 15 दिवसीय कार्य प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने जिले में पोषण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कुपोषण को समाप्त करना केवल एक विभागीय विषय नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी है और आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना प्रशासन का दायित्व है। उन्होंने निर्देश दिए कि अस्पताल में भर्ती कुपोषित बच्चों की माताओं को 15 दिवसीय कार्य प्रशिक्षण दिया जाए ताकि वे भविष्य में रोजगार से जुड़ सकें, आर्थिक रूप से मजबूती भी हो सकें और अपने बच्चों के साथ रहकर उनकी समुचित देखभाल भी कर सकें।

बैठक में गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं की देखभाल को लेकर कलेक्टर ने कहा कि सुरक्षित मातृत्व और स्वस्थ शिशु सुनिश्चित करना पोषण समिति और संबंधित विभागों की जिम्मेदारी है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि टीकाकरण, एएनसी जांच, एनीमिया एवं हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं से जुड़ी जानकारी नियमित रूप से साझा की जाए, ताकि आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से समय पर हस्तक्षेप संभव हो सके। पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में कुपोषित बच्चों के उपचार को लेकर भी व्यवहारिक दृष्टिकोण अपनाने के निर्देश दिए गए, जिससे पात्र बच्चों को इलाज से वंचित न रहना पड़े। बैठक में जानकारी दी गई कि मुख्यमंत्री लाडली लक्ष्मी योजना अंतर्गत वर्ष 2025–26 में जिले में कुल 4,163 प्रकरणों का लक्ष्य रखा गया था, जिसमें 3,890 प्रकरण ऑनलाइन दर्ज हुए हैं, जो 93 प्रतिशत से अधिक उपलब्धि को दर्शाता है। वहीं मिशन वात्सल्य के अंतर्गत 18 वर्ष से कम आयु के अनाथ एवं निराश्रित बच्चों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से मासिक आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे 980 से अधिक बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं।

बैठक में कलेक्टर ने समग्र सत्यापन, आधार आधारित ई-केवाईसी, एबीएचए आईडी और फेस रिकग्निशन सिस्टम की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन परियोजनाओं में सत्यापन एवं ई-केवाईसी की प्रगति कम है, वहां विशेष अभियान चलाकर शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित की जाए।

## आरबीएसके कार्यक्रम के तहत क्लबफुट उपचार का प्रशिक्षण किया गया आयोजित



**सीहोर।** जिला चिकित्सालय में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत एसबीआई एवं अनुष्का फाउंडेशन द्वारा एक दिवसीय क्लब फुट उपचार सपोर्टिव सुपरविजन प्रशिक्षण आयोजित किया गया।


सिविल सर्जन डॉक्टर उमेश श्रीवास्तव ने बताया की प्रत्येक शुक्रवार डीईआईसी केंद्र में क्लब फुट क्लीनिक का संचालन किया जाता है, इसमें क्लब फुट वाले बच्चों को निशुल्क उपचार प्रदान किया जाता हैं। डीईआईसी मैनेजर दीनू शर्मा ने बताया कि आरबीएसके कार्यक्रम के तहत जिले में क्लब फुट कैंप आयोजित किए जाते हैं और डिलीवरी प्वाइंट से जो बच्चे क्लब फुट चिन्हित किए जाते हैं उन्हें हर शुक्रवार को इलाज के लिए जिला अस्पताल बुलाया जाता है और निशुल्क इलाज किया जाता है।

इस एक दिवसीय सपोर्टिव सुपरविजन कार्यक्रम में इंदौर अरबिंदो मेडिकल कॉलेज से आए अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पुष्पवर्धन मंडलेचा द्वारा टेनोटोमी विधि की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। डॉ. हरिओम गुप्ता ने क्लब फुट के बच्चों की जांच की और 10 बच्चों का उपचार कास्टिंग, टेनोटोमी एवं ब्रेसिंग विधि से किया। इस अवसर पर फिजियोथैरेपिस्ट डॉक्टर साबा बक्श एवं मनीष पटेल उपस्थित थे।

### राज्यमंत्री टेटवाल बोले - लापरवाही बरतने पर होगी कार्रवाई, गुणवत्तापूर्ण हो कार्य

# डेढ़ महीने में ही नल-जल योजना की खुली पोल

## बार-बार लीकेज के चलते 5 गांव के आधे घरों मे नहीं पहुंच रहा पानी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-खिलचीपुर

ग्राम पंचायत जैतपुरा कलां में सरकार की महत्वाकांक्षी नल-जल योजना 5 ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बनती जा रही है। योजना के तहत गांव के हर घर तक नल से जल पहुंचाने का दावा किया गया था, लेकिन हकीकत यह है कि गांव के आधे से अधिक नलों में कई दिनों से पानी नहीं आ रहा है। इससे ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिसके कारण जिले की कुंडालिया परियोजना एवं क्रियान्वयन एजंसी एल एंड टी चालू होने से पहले ही घटिया कार्य होने की ओर इशारा कर रही है।

खिलचीपुर के जैतपुरा कलां सहित गुराडिया,पटेल बडली,कवरजी की बडली, हरिजन मोहल्ला,गुराडिया बडली में पानी की सप्लाई को अभी डेढ महिने ही हुए है और 6 बार लाइन लीकेज होने के कारण अधिकतर जगह पानी नहीं पहुंच पाया जिससे ग्रामीण परेशान रहे। यह जानकारी देने हुए सरंपच गोपाल दांगी ने बताया की ऊंची जगहों पर पानी नहीं पहुंच पा रहा है। पानी की किल्लत के चलते महिलाओं और बुजुर्गों को दूर-दराज के हैंडपंप और कुओं से पानी लाना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम में यह समस्या और भी गंभीर हो जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार संबंधित विभाग और पंचायत को शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

### कमियां छिपाने के लिए जल्दबाजी में हैंडओवर की तैयारी

ग्राम पंचायत जैतपुरा कलां में नल-जल योजना को लेकर ग्रामीणों का आरोप है कि योजना से जुड़े ठेकेदार और अधिकारी अधूरे काम व तकनीकी खामियों को दबाने के लिए मात्र डेढ महिने में ही पंचायत को हैंडओवर कर अपनी कमियां छुपाना चाहते हैं, जबकि इतने छोटे से कार्यकाल में ही कई बार लाइन लीकेज होने की घटना धटित हो चुकी है वही सरपंच गोपाल दांगी का कहना है कि कब कंपनी लगातार 15 दिन पूरे प्रेशर से पानी गांवों के हर एक घर में पहुंचा देगें तब मैं हैंडओवर ले लूंगा। बार बार पाइपलाइन लीकेज होने से दबाव इतना कम है कि नल से पानी निकल ही नहीं रहा। इसके बावजूद ठेकेदार काम पूरा बताए जाने की तैयारी में हैं, ताकि जिम्मेदारी पंचायत पर डालकर अपनी कमियों से बचा जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि यदि मौजूदा स्थिति में हैंडओवर हो गया, तो भविष्य में आने वाली सभी समस्याओं का बोझ पंचायत और ग्रामीणों पर आ जाएगा, जबकि असल जिम्मेदार ठेकेदार और विभागीय अधिकारी हैं। गांव में इस बात को लेकर नाराजगी बढ़ती जा रही है।सरपंच सहित ग्रामीणों ने मांग की है कि हैंडओवर से पहले पूरी योजना की तकनीकी जांच कराई जाए।

### जल निगम - पीएचई विभाग मिशन मोड पर पेयजल कार्य पूर्ण करे : टेटवाल

बुधवार को राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने सारंगपुर अनुविभागीय कार्यालय में जल निगम एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) के अधिकारियों की संयुक्त समीक्षा बैठक ली। बैठक का उद्देश्य क्षेत्र में चल रही पेयजल योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना तथा लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश देना रहा।राज्य मंत्री डॉ. टेटवाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सारंगपुर अनुविभाग के सभी ग्रामों में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था को मिशन मोड पर पूर्ण किया जाए, ताकि आगामी ग्रीष्मकाल में किसी भी गांव में जल संकट की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पेयजल टंकियों, पाइपलाइन विस्तार एवं जल आपूर्ति से जुड़े सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण सामग्री से किए जाएं तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरे हों। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिन गांवों में अभी तक पेयजल की नियमित आपूर्ति नहीं हो पा रही है, वहां प्राथमिकता के आधार पर कार्य कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों और अधिकारियों पर आवश्यक कार्यवाही करने के संकेत भी दिए गए।

### इनका कहना है...

आप मुझे गांवों की डिटेल पहुंचा दीजिए मैं संबंधित से दिखवा लेता हूं।

**दिलीप सिंह, एल एंड टी**

---

### नई चेतना अभियान 4.0 - 'हौसलों की उड़ान'

# कार्यक्रम में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का आह्वान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

मकर संक्रांति के पर्व पर मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत नई चेतना अभियान 4.0 के तहत तीन दिवसीय कार्यक्रम "हौसलों की उड़ान" का आयोजन बुधवार को स्थानीय कपिलेश्वर मंदिर परिसर, सारंगपुर में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाते हुए उनकी आजीविका को सशक्त करना रहा।

इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं की आर्थिक मजबूती ही परिवार और समाज की प्रगति का आधार है। उन्होंने शासन द्वारा संचालित आजीविका मिशन की सराहना करते हुए महिलाओं को स्वरोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। इस अवसर हर्षा गोड, प्रभारी आजीविका मिशन ने कहा कि आजीविका मिशन का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षण, वित्तीय सहयोग एवं समूह आधारित गतिविधियों के माध्यम से स्वरोजगार उपलब्ध कराना है, जिससे वे हर क्षेत्र में आगे बढ़कर भागीदारी निभा सकें। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद,संदीप सोनी डीपीएम, नीलम सक्सेना, नपा उपाध्यक्ष भावना वर्मा, एसडीओपी अरविंद्र सिंह सहित स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। विभिन्न स्टॉलों के माध्यम से महिला समूहों द्वारा तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री भी की गई। आयोजन ने महिलाओं के भीतर आत्मविश्वास एवं उद्यमिता की भावना को सशक्त करने का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन महिलाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा और संकल्प के साथ किया गया।

---

## दूध बेचकर लौट रहा ग्रामीण बाइक समेत कुए में गिरा, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्थानीय लाड़नपुर गांव निवासी एक 40 वर्षीय व्यक्ति की बाइक समेत कुएं में गिर जाने से मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने मृतक के शव को कुएं से निकालकर उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल पुलिस चौकी में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। जानकारी के अनुसार लाड़नपुर निवासी प्रहलाद पिता हरिसिंह राजपूत उम्र 40 वर्ष बुधवार को दूध बेचने ब्यावरा गया हुआ था। प्रहलाद जब दूध बेचकर आंतरिक मार्ग से वापस लौट रहा था इस दौरान चैनपुरिया गांव के समीप के एक कुएं में बाईक समेत जा गिरा।

घटना के वक्त मौके पर कोई नहीं था पर बाद में कई लोग एकत्रित हो गए जिन्होंने पुलिस को सूचना देने के बाद लहुलुहान प्रहलाद को कुएं से बाहर निकाला। बाद में प्रहलाद को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

---

### नागरिकों को नहीं काटने होंगे भोपाल के चक्कर

# सप्ताह में 3 दिन राजगढ़ में उपलब्ध रहेगी 'पासपोर्ट वैन'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ नगर सहित जिलेवासियों को अपना पासपोर्ट बनवाने अब भोपाल के चक्कर नहीं काटने होंगे। नागरिकों को पासपोर्ट सेवाएं जिले में ही उपलब्ध करवाने क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल की पासपोर्ट वैन बुधवार से राजगढ़ में तैनात करवाई गई है।

क्षेत्रीय विधायक अमरसिंह यादव, जिला पंचायत सीईओ इच्छित गढ़पाले की मौजूदगी में आमजनों की सहुलियत हेतु वैन में उपलब्ध सेवाओं की शुरूआत करवाई गई। इस वैन में पासपोर्ट बनवाने संबंधित सभी तरह की सुविधाएं, दस्तावेज जमा करने की प्रक्रिया सहित पासपोर्ट संबंधी अन्य सुविधाएं उपलब्ध हैं जिनमें बायोमेट्रिक नामांकन (फोटोग्राफ, फिंगर प्रिंट, डिजिटल सिग्नेचर) सहित दस्तावेज सत्यापन शामिल है। यह वैन 14 जनवरी से 27 फरवरी 2026 तक स्थानीय मंगल भवन में सप्ताह में 3 दिन सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को उपलब्ध रहेगी। इससे राजगढ़ की जनता समय और पैसे की बचत करते हुए पासपोर्ट सेवाओं का लाभ उठा सकेगी। नागरिक अपन पासपोर्ट बनवानेविभाग की निर्धारित वेबसाइट पर अपॉइंटमेंट बुक कर सकते है। इसके साथ ही संबंधित साईट पर ही शुल्क भी जमा करवाया जा सकता है।

---

## खेलो एमपी यूथ वॉलीबॉल में करनवास विजेता

ब्यावरा। खेलो एमपी यूथ वॉलीबॉल ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन बालक और बालिका दोनों वर्ग में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करनवास के प्रांगण में आयोजित हुआ। जिसके अंतर्गत बालक और बालिका दोनों ही वर्ग में करनवास हायर सेकंडरी विद्यालय के बच्चे विजेता रहे। इस अवसर पर अनेक टीमों ने भाग लिया। जिसमें फाइनल मैच करनवास विद्यालय और जवाहर नवोदय विद्यालय के बच्चों के बीच में आयोजित हुआ जो की बहुत ही रोमांचक मैच रहा। इसमें करनवास के बच्चों ने दो एक से जवाहर नवोदय विद्यालय के बच्चों को हराया और विजेता बने। साथ ही बालिकाओं वर्ग में भी करनवास हायर सेकेंडरी की बेटियों ने विजेता रहकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर संयोजक फिरोज लोधी विद्यालय के रविंद्र सिंह तोमर खबीर मोहम्मद गौरी उपस्थित रहे। इस मौके पर प्राचार्य महेश कुमार यादव एवं जन शिक्षक लाड सिंह चौहान और अशोक शर्मा ने सभी को बधाइयां प्रेषित की और कहा कि खेलों से जीवन में अनुशासन और जीत की भावना पैदा होती है जीवन में खेल का उतना ही महत्व है जितना की पढ़ाई का। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ट शिक्षिका मंजू लता चैहान, डॉ अर्चना, सीता नीरा शर्मा नीता मनीषा यादव तृषा सक्सेना जानकी गीतांजलि , पूजा, तवबस्सुम अलीशा मैडम, अंसारी मैडम, साथ ही वरिष्ठ शिक्षक तिर्की, महेश राठौड़ का,कमलेश दांगी राम पाटीदार ,राम दांगी , ललित, यश ने सभी का आभार व्यक्त किया।

---

### कन्या पूजन के साथ हिंदू सम्मेलन का शुभारंभ

# आगामी 22 जनवरी को होने वाले हिंदू सम्मेलन का हुआ ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर




राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आगामी 22 जनवरी को कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन की तैयारियों का शुभारंभ बुधवार को धार्मिक विधि विधान के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कन्या पूजन एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ध्वजारोहण कर की गई, मंडी परिसर में विधिवत पूजा-अर्चना कर सर्व समाज की सुख-समृद्धि एवं सम्मेलन की सफलता की कामना की गई। इस अवसर पर कन्याओं का पूजन कर उन्हें प्रसाद एवं उपहार प्रदान किए गए। ध्वजारोहण के साथ ही रंगोली एवं सजावट से सजाया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय बन गया। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता, सर्व हिंदू समाज के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में हिंदू सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया।

---

## एकादशी पर तिल, लड्डू, खीर प्रसाद का किया वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

षटतिला एकादशी पर मालवा के खाटू श्याम मंदिर पर बुधवार सुबह से ही भक्त जनों का जनसैलाब लगा रहा। दूर-दूर से भक्तजन डीजे के साथ पैदल श्री श्याम मंदिर तक निशान यात्रा लेकर पहुंचे जगह-जगह भक्त जनों ने स्वागत भी किया। वहीं बाबा श्याम का दरबार रंग बिरंगी पतंग से सजाया गया बाबा श्याम का अलौकिक श्रृंगार किया खाटू धाम समिति द्वारा 1100 किलो साबूदाने की खिचड़ी, 51 किलो तिल के लड्डू और 200 लीटर दूध की खीर का प्रसाद भक्तों को वितरण किया गया है।

---

### आबकारी ने 18 प्रकरण किए दर्ज

# अवैध मदिरा के निर्माण व परिवहन पर कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, धारण, संग्रहण, विक्रय व परिवहन के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अवैध मदिरा बरामद कर ताबड़तोड़ कार्यवाही की गई। ब्यावरा वृत्त प्रभारी दीपक राजपूत' द्वारा वृत्त ब्यावरा क्षेत्र के ग्राम मानकी ,नापानेरा कंजर अड्डा, नेताहाड़ी , सुठालिया , तोड़ी , गंगाहोने , भावास, तलावली, पहाड़गढ रोड, मऊ पठार एवं अन्य संदिग्ध स्थलो पर दबिश देकर 18 प्रक्रण कायम कर 180 लीटरकच्ची मदिरा, 3 बियर, 6 मसाला, 3 प्लेन, महुआ लहान और गुड लहान जप्त की गई। साथ ही 4 ड्रम 5 टंकी और अवैध मदिरा निर्माण के लोहे के 2 ड्रम जब्त किए गए। कार्यवाही में वृत्त खिलचीपुर प्रभारी अंकित चौहान, वृत्त सारंगपुर प्रभारी सौरभ कनासे, परीविक्षाधीन आबकारी उपनिरीक्षक अर्चना भवारे की भूमिका रही।

---

### यज्ञ की पूर्णाहुति पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

# धार्मिक स्थल संवासी माता की बड़ली में मकर संक्रांति पर हुआ अनुष्ठान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनवास



संवासी माता बड़ली पर मकर संक्रांति के अवसर पर क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल संवासी माता जी की बड़ली में आध्यात्मिक उल्लास देखने को मिला। पिछले कुछ दिनों से चल रहे विशेष यज्ञ और अनुष्ठान का बुधवार को श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ समापन हुआ। यज्ञ की पूर्णाहुति और विशेष पूजा सुबह शुभ मुहूर्त में मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ की अंतिम आहुति दी गई। पंडितों ने विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न कराई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। मकर संक्रांति के पर्व पर माता जी के दर्शन के लिए सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। प्रसादी वितरण का आयोजन यज्ञ के समापन के बाद प्रसादी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं को बड़े ही प्रेम और सेवा भाव से प्रसादी वितरित की गई।

इस दौरान स्वयंसेवकों और ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा जिससे व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रही।भक्तिमय रहा माहौल पूरा परिसर जय माता दी के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं का कहना था कि मकर संक्रांति पर माता जी के सानिध्य में यज्ञ की पूर्णाहुति और प्रसादी ग्रहण करना बड़े सौभाग्य की बात है। कार्यक्रम के अंत में मंदिर समिति ने सभी उपस्थित भक्तों का आभार व्यक्त किया।

---

# अधिवक्ता संघ का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

अधिवक्ता संघ नरसिंहगढ़ का चुनाव सोमवार को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। चुनाव में अधिवक्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस चुनाव में अध्यक्ष कैलाश यादव, सचिव ललित शर्मा, उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश दांगी, कोषाध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव, सह सचिव सरिता जाटव तथा ग्रंथपाल पद पर कैलाश प्रजापति निर्वाचित हुए। इस चुनाव में सबसे रोचक एवं कड़ा मुकाबला सचिव पद के लिए देखने को मिला। सचिव पद के लिए हुए मुकाबले में अधिवक्ता ललित शर्मा ने 21 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। उन्हें 170 मतों में से 91 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 70 मत मिले। जीत के बाद नव-निर्वाचित सचिव ललित शर्मा ने कहा कि यह चुनाव अत्यंत कश्मकश भरा एवं चुनौतीपूर्ण रहा। तमाम कयासों के बावजूद सचिव पद पर जीत हासिल हुई, जिसके लिए सभी अधिवक्ताओं का भरपूर सहयोग मिला। उन्होंने कहा कि आगामी कार्यकाल में संघ को और अधिक सशक्त बनाने के साथ ही युवा अधिवक्ताओं सहित सभी साथियों की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता से किया जाएगा। चुनाव परिणाम घोषित होते ही वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ताओं ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं प्रेषित की।



---

### निजी स्कूल और पुलिस का संयुक्त अभियान

# पॉलीथिन मुक्ति, ट्रैफिक सुरक्षा के नारे लगाते हुए निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



नगर की शैक्षणिक संस्था करियर कान्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा यातायात जागरुकता एवं पॉलीथिन मुक्ति के संदेश के साथ नगर में रैली का आयोजन किया गया। रैली में शामिल बच्चे अनिवार्य हेलमेट, अनिवार्य सीटबेल्ट एवं पॉलीथिन मुक्त राजगढ़ से संबंधित नारे लगाते हुए साथ चल रहे थे।

एसडीओपी अरविंद राठौड़ एवं महिला बाल विकास विभाग डीपीओ श्यामबाबू खरे ने रिबन काटकर रैली को रवाना किया। स्कूल परिसर से आंरभ हुई रैली नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः स्कूल परिसर पहुंचकर समाप्त हुई। संस्था संचालक डॉ. राकेश पाण्डे ने अपने कहा कि हमारे जिले में में टैफिक नियमों का पालन न होना एवं प्लास्टिक का उपयोग एक बड़ी ज्वलंत समस्या है। इसमें सुधार हेतु जागरूकता लाना ही इस रैली का मुख्य उद्देश्य है। विद्यार्थियों ने इस रैली में उपयोग किए गए हेलमेट, सीट बेल्ट, ट्रैफिक लाइट तथा यातयात नियमों की सूचियों का निर्माण स्वयं ही किया था। बच्चों ने नगर से निकले हाइवे के दोनों तरफ मुख्य चौराहों पर ट्रैफिक लाइट लगवाने तथा जेब्रा लाइन की मांग भी अतिथियों के सम्मुख रखी। इस अवसर पर थाना प्रभारी अखिलेश वर्मा, यातायात प्रभारी देवनारायण पाण्डे, मोहन सिंह चौहान, इति शर्मा, नरेंद्र शर्मा, व्यापारी संघ अध्यक्ष राजेश पांडे, रैली संयोजक हिमानी सक्सेना, रानी खान, सुरक्षा प्रभारी मनोज पुष्पद आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### वन मंडल ने की सागौन तस्करों पर कार्रवाई

**चापड़ा।** सब रेंज कमलापुर अंतर्गत मंगलवार रात को मुखबिर की सूचना के आधार पर जिला वन मण्डलाधिकारी अमित चौहान एवं उपवन मंडलाधिकारी अंकित जामोद बागली के निर्देशन में जिनवानी रेन्जर तनय कुलश्रेष्ठ की टीम ने सिंगोड़ी से कांटाफोड़ मार्ग पर रात्रि के समय सागौन का अवैध परिवहन करते हुए एक महिंद्रा पिकअप वाहन एमपी 41 जेडसी 2141 को अवैध सागौन की लकड़ी परिवहन करते हुए पकडा। वाहन में सागौन लठ्ठा 11 नग 1.103 घनमीटर अवैध रूप सागौन लकड़ी परिवहन करते हुए पकड कर जप्त किया गया जिसकी अनुमानित कीमत 45,097 रूपये है। अवैध परिवहन के दौरान चार आरोपी बताए जा रहे है, जिसमें से तीन आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। वहीं आरोपी अंकित पिता बलराम को वन विभाग कि टीम ने धर दबोचा।

### सड़क हादसे में हुई निज सचिव की बहन की मौत

**देवास।** मकर सक्रांति बुधवार शाम हुए सड़क हादसे ने सभी जिलेवासियों को झकझोर दिया। शहर के इंदौर मार्ग पर रसलपुर के समीप एक महिला और उनके पुत्र स्कूटी से इंदौर जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार बस ने टक्कर मार दी।

संकल्प से समाधान अभियान के पूर्व नपा में हुई जनप्रतिनिधियों की बैठक

# निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप हितग्राहियों को योजनाओं से करवाएं लाभान्वितः मेवाड़ा

**शासन के निर्देशानुसार संकल्प से समाधान अभियान 12 जनवरी से प्रारंभ होकर 31 मार्च 2026 तक संपूर्ण प्रदेश सहित नगर में भी चलाया जाएगा।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



सुशासन व स्वराज की प्रतिबद्धता एवं विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य के अंतर्गत शासन द्वारा संचालित समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं का पूरा लाभ पात्र हितग्राहियों तक समयसीमा में पहुंचाने के उद्देश्य से संकल्प से समाधान अभियान का शुभारंभ हुआ है। इसी के चलते स्थानीय नगरपालिका के सभाकक्ष में नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने सीएमओ विनोदकुमार प्रजापति तथा समस्त पार्षदगण व अधिकारी, कर्मचारियों की उपस्थिति में बैठक आहूत की।

बैठक में नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने सभी शाखा प्रमुखों को निर्देशित देते हुए कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का शासन स्तर पर जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उसके अनुरूप पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाए। इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करके नागरिकों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक किया जाए। मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन के निर्देशानुसार संकल्प से समाधान अभियान 12 जनवरी से प्रारंभ होकर 31 मार्च 2026 तक संपूर्ण प्रदेश सहित नगर में भी चलाया जाएगा। वार्डवार कैंप के माध्यम से अभियान के तहत शासन की प्रत्येक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ नागरिकों को समयसीमा में दिलाए जाने का प्रयास किया जाएगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए शासन द्वारा दो चरण बनाए है। प्रथम चरण 12 से 15 फरवरी तक चलेगा तथा द्वितीय चरण 16 फरवरी से प्रारंभ होकर 16 मार्च 2026 तक चलाया जाना है। बैठक में नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, सीएमओ विनोदकुमार प्रजापति, रवि शर्मा, तेजसिंह राठौर, तारा कटारिया, जाहिद गुड्डू, अतीक कुरैशी, मेहमूद अंसारी, शेख रईस, डॉ. सलीम खान, सुभाष सिसौदिया, सहायक यंत्री आकाश गुयतर, उपयंत्री अनिल धुर्वे, राजस्व प्रभारी मनीष श्रीवास्तव सहित नपा के अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद थे।

# कवि सम्मेलन के साथ ही मुशायरे का भी आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

गत दिवस स्थानीय टाकीज सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठन सीहोर की जानिब से एक कवि सम्मेलन और मुशायरे का आयोजन क्रिसेन्ट रिसोर्ट लीज़ा हाल में मुन्अकिद किया गया, जिसमे मकामी शोआरा ओर कवियों के अलावा इंटरनेशनल शायर भी शामिल हुए. (मुशायरे ओर कवी सम्मेलन) का आगाज शमा (दोप) ने किया। संव प्रथम सोनीयर की थी वृन्दावन राय, सागर ने सरस्वती वन्दना से किया, इसके बाद मुशायरे का आगाज हुआ। प्रकामी सायरा ओर कवियों के अलावा बाहर से अच्छे सभी शायरों अपना कलाम पढ़ा। सीहोर के शायरी तमकीन अली बहादुर, डा0 अनीस खान, सुरेश जयसवाल, कमलेश शर्मा, रशीद शैदा साहब ने अपना कलाम पढ़ा। इस मौके पर वरिष्ठ समाज सेवी अखलेश राय ने सभी सम्मानीय को मोहब्बतओ (प्रेम) का संदेश दिया। इन्होने हिन्दुस्तान के बड़े आयर अल्लामा इकबाल सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा उनके हवाले से प्रभू श्रीराम का जिक्र किया जिन्हे इमामे हिन्द कहा गया है। उनके मार्ग दर्शन पर चलने को कहा। हिन्दी उर्दू शायरी और कविताओं के बारे में जानकारी दी और प्रसिद्ध शायर मेजर भोपाली की दो पक्तियों के साथ अपनी बात रखी। जफर सहनाई मंजर भोपाली, अंजुम रहबर, वृन्दावन राय, अतुल अजनवी, डा. महताब आलम, डा. खालिद नय्यर, खुशबू श्रीवास्तव, मलिक नवेद, खलील असलम, आरिफ अतीशी, आरीफ अली, कमलेश शर्मा, डॉ. मुबारक शाहीन डा. अनीस खान, सुरेश जयसवाल जावेद अन्हवी आदी ने अपना कलाम पेश किया। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी अखलेश राय जी द्वारा करोना काल मे महत्वपूर्ण भूमिका में रहे।

# भगवान ऋषभदेव मोक्ष कल्याणक पर्व पर दो दिवसीय आयोजन, आदिनाथ भगवान का होगा मस्तकाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



जैन शासन के प्रथम तीर्थंकर श्री ऋषभदेव भगवान का मोक्ष कल्याणक पर्व दिगम्बर जैन धर्मावलम्बीयो द्वारा बड़े ही भक्ति भाव के साथ दो दिवसीय आयोजन के साथ नगर के समस्त जिनालयों में भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगादिगम्बर जैन पंचायत समिति के श्री धीरज जैन नीलबड़ के अनुसार प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी प्रथम तीर्थंकर श्री ऋषभदेव भगवान का मोक्ष कल्याणक पर्व दो दिवसिय आयोजन के साथ पूज्य मुनि श्री विश्वसुर्य सागर जी महाराज व मुनि श्री साध्य सागर जी महाराज के सानिध्य व निर्देशन में दिव्योदय जैन तीर्थ किला पर समाज द्वारा भक्ति भाव के साथ मनाया जा रहा हैप्रथम दिवस 16 जनवरी शुक्रवार प्रातः6;30 बजे से मंगलास्टक पाठ के साथ किला मंदिर में विराजमान प्राचीन प्रतिमा श्री आदिनाथ भगवान नदिया वाले बाबा के मस्तक पर पूज्य मुनि श्री के मुखारविंद से 1008 मन्त्रो द्वारा से 108 इन्द्रो द्वारा अतिशयकारी मस्तकाभिषेक सम्पन्न होंगे वही द्वितीय दिवस 17 जनवरी शनिवार को प्रातः6:30 बजे से मंगलास्टक पाठ प्रारम्भ होगा। सभागृह में नित्य पूजा व संगीतमय श्री आदिनाथ महामण्डल विधान पूजन व निर्वाण लाडू चढ़ाया जायेगा व मुनि श्री की दिव्य देशना के साथ भव्य आयोजन सम्पन्न होगादिगम्बर जैन पंचायत समिति के धीरज जैन नीलबड़ सन्दीप जैन विकाश जैन अरिहन्त जैन रत्नेश जैन अमर जैन आदि ने समस्त आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में लाभ लेने की विनती समाज जनो से की है।

# सर्वसम्मति से लिया फैसला, भूरू मुकाती बने हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष, किया जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



लंबे समय से रिक्त हुए हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष पद पर गुरुवार को शहर के समाजसेवी परिवार के भूरू मुकाती की ताजपोशी की गई।और यह फैसला शहर के प्रतिष्ठित समाजसेवी गणमान्य नागरिकों की सर्वसम्मति से लिया गया।जानकारी अनुसार शहर के प्रतिष्ठित गणमान्य नागरिकों ने एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर मौजूद समाजजनों की सहमति से समाजसेवी मुकाती परिवार के सरल सहज नारायण भूरू मुकाती को नगर की हिन्दू उत्सव समिति का अध्यक्ष बनाया। इस दौरान बैठक में वरिष्ठ समाजसेवी पारसमल सिंघवी, वरिष्ठ पत्रकार सुधीर पाठक, समाजसेवी शेषनारायण मुकाती, समाजसेवी कैलाश सोनी दादू, शीतला माता मंदिर समिति के अध्यक्ष दिनेश सोनी, पूर्व हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष पंकज यादव, उमेश शर्मा ,संजय बंटू सोनी ज्ञान सिंह ठाकुर एडवोकेट, राजेंद्र जायसवाल, वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र गंगवाल,पूर्व पार्षद रवि सोनी बाबू सिंह ठाकुर सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।इस दौरान सभी लोगों ने नारायण भूरू का फूल माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया।वही हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर नारायण भूरू मुकाती ने कहा कि पूरी ईमानदारी और विश्वास के साथ समाज के त्यौहार, पर्व हर्ष उल्लास के साथ मनाए जाएंगे। इस दौरान भूरू मुकाती ने आभार और धन्यवाद जताया।

### कृभको का ग्राम नांदेल में पेयजल सुविधा कार्यक्रम हुआ आयोजित

**भौरासा।** कृषक भारती कोआपरेटिव लिमिटेड देवास द्वारा गत दिनों अंगीकृत ग्राम नांदेल में पेयजल सुविधा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ राजीव कुमार उप महाप्रबंधक कृभको मध्य प्रदेश, विशेष अतिथि सुमेर सिंह यादव, एडवोकेट पूर्व अध्यक्ष सेवा सहकारी संस्था नांदेल ,गोपेश पाठक उप संचालक कृषि जिला देवास, राजबाबू कुमार क्षेत्रीय प्रबंधक कृभको इंदौर, नरेन्द्र सिंह कुशवाह समिति प्रबंधक नांदेल, लाल सिंह यादव सरपंच नांदेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कृभको इंदौर के क्षेत्रीय प्रबंधक राज बाबू कुमार द्वारा कृभको के बारे में विस्तार से बता कर विभिन्न गतिविधियों से अवगत करवाया गया। कृभको के उत्पाद जैसे राइजोसुपर, सिटी कंपोस्ट, मोलासेस पोटाश, तरल जैव उर्वरक आदि के बारे में विस्तार से बताया गया।

# जिला स्तरीय परामर्श दात्री समिति की बैठक में ऋण वितरण योजनाओं में वित्तीय वर्ष के लक्ष्य प्राप्त करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक का आयोजन कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में किया गया। बैठक में नगर अग्रणी जिला प्रबंधक प्रकाश केवलरमानी, आरबीआई प्रतिनिधि, उद्योग विभाग, कृषि, मत्स्य पालन, उद्यानिकी, एनआरएलएम, आरसेटी सहित अन्य संबंधित विभागों के प्रमुख एवं विभिन्न बैंकों के समन्वयक उपस्थित थे।बैठक में कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने हितग्राहिमूलक योजनाओं में हितलाभ वितरण की ब्लॉकवार एवं बैंकवार प्रगति की जानकारी ली।

इस दौरान बताया गया कि प्रधान मंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना(पीएमएफएमई) में देवास जिला ऋण वितरण में प्रदेश में पांचवे स्थान पर है। इस पर कलेक्टर सिंह ने कहा कि योजना में ज्यादा से ज्यादा हितग्राहियों को लाभ दें एवं जितने भी प्रकरण स्वीकृत हो गये है, उनमें ऋण वितरण का कार्य भी शीघ्र करें। पशुपालन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी अस्वीकृत प्रकरणों की समीक्षा करें एवं यह सुनिश्चित करें की कोई भी पात्र हितग्राही लाभ लेने से वंचित तो नहीं रह गया है।

यदि कोई पात्र हितग्राही योजना के लाभ लेने से वंचित रह गया है तो उन्हें योजना का लाभ दिलाए। सिंह ने सभी नगर परिषदों को निर्देश दिए कि सभी पात्र नागरिकों को पीएम स्वनिधि का लाभ दिलाए। उन्होंने कहा कि फसल बीमा की राशि एक ही बैंक से काटी जाए, अलग-अलग बैंकों से फसल बीमा की राशि नहीं कटनी चाहिए।

फसल बीमा संबंधित सभी सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का निराकरण करें एवं पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाए। सिंह ने सभी बैंकों को निर्देश दिये कि बैंको की ब्रांच एवं एटीएम की संख्या बढ़ाए जिससे नागरिकों को वित्तीय लेन देन में सुविधा हो। उन्होंने पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा कर नगर परिषद, जनपद पंचायत एवं एनआरएलएम को निर्देश दिये कि हितग्राहियों को योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित करें। प्रदेश सरकार द्वारा संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है, अभियान के तहत जिले के नागरिकों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाया जायेगा। अभियान में बैंक संबंधी तीन योजनाओं पीएम जीवन ज्योति, अटल पेंशन योजना एवं दुर्घटना बीमा योजना को शामिल किया गया है। सभी बैंक लक्ष्य निर्धारित कर शिविर लगाये और जिले के नागरिकों को इन योजनाओं का दिलाये।

बैठक में आरसेटी द्वारा जिले में चलाए जा रहे ट्रनिंग प्रोग्रामों की जानकारी दी गई। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही ऋण वितरण योजनाओं की समीक्षा कर वित्तीय वर्ष के लक्ष्य को प्राप्त करने के निर्देश दिये।

# आनंद उत्सव में पारंपरिक खेलों का होगा आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शासन निर्देशानुसार जिले में कलेक्टर ऋतुराज सिंह के मार्गदर्शन में 28 जनवरी तक "आनंद उत्सव" का आयोजन किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ बुधवार को किया गया। आनंद उत्सव के शुभारंभ अवसर पर बच्चों, बुजुर्गों एवं महिलाओं के लिए आयोजित विभिन्न पारंपरिक खेल प्रतियोगिता में सभी ने उत्साह से सहभागिता कर आनंद की अनुभूति प्राप्त की।

आनंद विभाग की इंदौर एवं उज्जैन संभाग की समन्वयक डॉ. समीरा नईम ने बताया कि देवास जिले के सभी विकासखंडों एवं नगर परिषदों में लगभग 295 स्थानों पर आनंद उत्सव का आयोजन किया जाएगा।

सभी जिलेवासी 28 जनवरी तक संचालित आनंद उत्सव में उत्साह के साथ सहभागिता कर पारंपरिक खेलों का आनंद लें। यह उत्सव नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के महिला एवं पुरुषों में आनंद की अनुभूति दिलाने के लिए आयोजित किया जा रहा है। आनंद के इस कार्यक्रम अंतर्गत कबड्डी, कुर्सी दौड़, नीबू रेस, रस्सी खींच, बोरा दौड़ एवं अन्य पारम्परिक खेलों के साथ, गायन, नृत्य, भजन आदि, सांस्कृतिक गतिविधियों को शामिल किया गया हैं।

आनंद उत्सव को सफलता पूर्वक मनाने के लिए जिले के सभी विकासखंडों में स्थित ग्राम पंचायतों को कलस्टर में विभाजित किया गया है, जिसमे प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ आनंदकों की सहभागिता भी सक्रिय रूप से रहेगी।

संस्था हिंद रक्षक संगठन ने 7 हजार पतंगों के साथ चकरी और तिलगुड़ का किया वितरण

# 21 साल से भारतीय संस्कृति की परंपरा को रखा कायमः पवार





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

संस्था हिन्द रक्षक संगठन द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस 21वें वर्ष में भी मकर सक्रांति पर्व हर्षोल्लास व पारम्परिक रूप के साथ मनाया गया। कार्यक्रम आयोजक पार्षद एवं नगर निगम नेता सत्तापक्ष मनीष सेन ने बताया कि नावेल्टी चौराहा पर आयोजित विशाल पतंग महोत्सव के मुख्य अतिथि विधायक गायत्रीराजे पवार, भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, राजीव खण्डेलवाल, महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन, इंदौर से पार्षद जितेंद्र सिंह राठौड़, जिला महामंत्री राजेश यादव, पूर्व महापौर सुभाष शर्मा, बहादुर मुकाती, गौतम सिंह राजपूत, राजेश यादव पह., विनय सांगते, संजय दायमा आदि शामिल हुए। मंचासीन समस्त अतिथियो का स्वागत अजय अग्रवाल, प्रभात कल्याणे, महेश बोड़ाना, जीतु चौहान, संजय तलरेजा, सुमेर सिंह चावड़ा, विनय चावडा, नीतेश सेन मुन्ना सहित संगठन सदस्यों ने भगवा गमछा ओढ़ाकर किया। पतंगोत्सव का शुभारंभ संगीतमय वंदेमातरम गीत एवं सुंदरकाण्ड पाठ के साथ हुआ। तत्पश्चात अतिथियों ने रंग-बिरंगे गुब्बारों के साथ पतंगों को आकाश छोडकर कार्यक्रम की शुरूआत की। विधायक पवार ने अपने संबोधन में कहा कि यह पर्व हिन्दू धर्म का मुख्य त्यौहार है। संस्था हिन्द रक्षक के मनीष सेन विगत 21 वर्ष भारतीय संस्कृति की परम्परा को कायम रखते आ रहे है।

उक्त आयोजन की निरंतरता के लिए में आयोजक सेन व पूरे संगठन को बधाई देती हूँ और आशा करती हूँ कि आगे भी हिन्दू धर्म के अलख जगाने हेतु ऐसे आयोजन होते रहे। कार्यक्रम के दौरान वर्षो से वृद्धाश्रम में वृद्धजनों की रात-दिन सेवा करने वाले संचालक दिनेश चौधरी व आदियोगी की आकर्षक पेंटिंग बनाकर भेंट करने पर सभापति रवि जैन की बालिका मोक्षा जैन का विशेष सम्मान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित स्कूली बच्चों को 7 हजार पतंगों के साथ आलूबडे, चकरी व तिलगुड का निःशुल्क वितरण किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा तीनों मंडल अध्यक्ष देवेंद्र नवगोत्री, शुभम चौहान, सुरेश सिलोरिया, मधु शर्मा, जुगनू गोस्वामी, अर्जुन चौधरी, शिवा चौधरी, रुपेश वर्मा, राहुल दायमा, दीपक राजा अकोदिया, राजेंद्र ठाकुर, निलेश वर्मा पहलवान, जिला महामंत्री विजय सिंह पवार, कपिल पवार, शशिकांत यादव, गणेश पटेल, हीना राठौर, पंकज सिंह धारू, मनीष चौहान उपस्थित हुए। इस दौरान बडी संख्या में नगरवासियों के साथ स्कूली व अन्य बच्चे उपस्थित थे।

# भवानी सागर में मना पतंग महोत्सव सांसद सोलंकी ने भी लड़ाए दांव-पेच



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मकर संक्रांति के पावन अवसर पर देवास शहर में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। देवास शाजापुर लोकसभा मीडिया प्रभारी शेखर कौशल ने जानकारी देते हुए बताया कि भवानी सागर परिसर में विकास सांगते मित्र मंडल द्वारा आयोजित भव्य पतंग महोत्सव में देवास सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी ने विशेष रूप से सहभागिता की।

सांसद सोलंकी ने मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर गौ माता पूजन कर गौ ग्रास खिलाया इसके पश्चात सभी इष्ट मित्रों को तिल के लड्डू खिलाकर शुभकामनाएं देते हुए इस तरह के सांस्कृतिक आयोजनों को समाज में एकता और परंपराओं के संरक्षण का माध्यम बताया। कार्यक्रम में वरिष्ठ इतिहासकार दिलीप सिंह जाधव बाबा साहब की गरिमामयी उपस्थिति रही।

भाजपा के वरिष्ठ नेता अजीत भल्ला, कमल शर्मा, शंभू अग्रवाल, दुर्गेश खींची, महेश चौहान, पंकज वर्मा, नीरज चौहान, भोजराज सिंह ठाकुर, प्रवीण वर्मा, ईश्वर परासिया, उदयन जाधव, संतोष वर्मा, शुभम जाधव, पंकज सोनी, अनुज शर्मा, समर्थ पांचाल, अंशु गुप्ता, जयंत सिसोदिया, भारत यादव, विशाल सांगते, अनिकेत कहार, विजय सिंह सांगते, मोनू चौहान सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, युवा साथी और नन्हे मुन्ने बच्चे उपस्थित रहे। पतंग महोत्सव के दौरान रंग-बिरंगी पतंगों से आकाश सुशोभित हो उठा। बच्चों, युवाओं और वरिष्ठजनों ने आनंद लिया।